ये सुझाव घर पर बिजली के खतरों से आपको रखेंगे महफूज

'बिजली के तारों पर ध्यान न देने से हो सकता है जानलेवा हादसा'

चंडीगढ़, 17 जनवरी (दीपेंद्र): हैवेल्स इंडिया के अध्यक्ष सौरभ गोयल ने लोगों के लिए बिजली उपकरणों को सही तरीके से यूज करने और उनसे सेफ्टी के कुछ टिप्स दिए हैं। चंडीगढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि बिजली हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे सभी उपकरण चाहे वह पंखे हों या बल्ब हों या फ्रिज बिजली पर ही निर्भर हैं। बिजली हमारे लिए आवश्यक है और हमारा जीवन इसके बिना नहीं चल सकता है। इन्हें इस्तेमाल करते समय हमें सावधानी रखनी चाहिए।

बिजली के तारों पर ध्यान न देने से जानलेवा हादसा हो सकता है। हम अक्सर अपनी इमारतों में लगे बिजली के पुराने सर्किट से होने वाले खतरे को नहीं समझ पाते हैं। पुराने प्लग, खराब इंसुलेशन वाले बिजली के उपकरण और बिजली के खराब तार जैसी चीजें बिजली से जुड़े खतरों और दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। खराब तारों वाले उपकरणों की बढ़ी संख्या और उपभोक्ताओं में उद्योग के प्रमाणित उत्पादों का इस्तेमाल करने को लेकर जागरूकता की कमी के कारण बिजली से होने वाली दुर्घटनाएं बड़ी संख्या में होती हैं। यही वजह है कि वर्ष 2016 में देश में बिजली से जुड़ी 11,000 दुर्घटनाएं हुईं और इनमें से 4,800 दुर्घटनाएं घातक थीं।

हैवेल्स इंडिया के अध्यक्ष के अनुसार अगर हम कुछ बातों का ध्यान रखें तो घर को बिजली के खतरों से सुरक्षित रख सकते हैं।

पुरानी तारें को हटाएं

उपकरणों के साथ-साथ बिजली के तारों को भी समय-समय पर रखरखाव की जरूरत होती है। हालांकि उपकरणों के उलट बिजली के तारों पर ध्यान नहीं जाता और इस पर ध्यान नहीं देने से दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

भार हटाएं

आधुनिक जीवनशैली के कारण लोग इन दिनों घर पर बहुत सारे बिजली के उपकरणों का उपयोग करते हैं जिनसे बिजली की आपूर्ति पर सामूहिक भार बढ़ता है। इसलिए अपने घर में बिजली की आपूर्ति का ऐसा सिस्टम लगवाएं जो बिजली के भार को सह सके।

उद्योग की प्रमाणित चीजों का इस्तेमाल करें

घरों में बिजली के कारण होने वाली मौतों के अधिकांश मामलों में पावर सॉकेट जिम्मेदार होता है। जब दीवार पर लगा कोई सॉकेट टूटकर ढीला हो जाता है तो एक लाइव पिन या तार से रगड़ने पर ही शरीर में बिजली का झटका आ सकता है? छोटे बच्चे, जो अक्सर छिपे हुए खतरों से अनजान होते हैं, अनजाने में इसका शिकार हो सकते हैं।

पेशेवर पर भरोसा करें!

जब तारों के लगाने, तारों को फिर से लगाने या रखरखाव की बात आती है तो अनुभवी पेशेवर पर भरोसा करना बेहद जरूरी है। जैसा कि सबको पता है कि एक आम आदमी होने के नाते आप तारों के सिस्टम की सभी तकनीकी बारीकियों को नहीं समझ सकते हैं।

पानी, बिजली का मेल सही नहीं

रसोई, बाथरूम और कपड़े धोने का कमरा घर के वे इलाके हैं जहां स्विच बोर्ड और बहता पानी दोनों होते हैं। अगर पानी बिजली के साथ मिल जाए तो यह काफी खतरनाक हो सकता है। इसलिए इस बात को पक्का करें कि आपके सभी आउटलेट ग्राउंड फॉल्ट सर्किट इंटरप्रेटर द्वारा सुरक्षित किए गए हैं। इसको जैसे ही बिजली के झटके का पता चलता है, यह आपके सर्किट से गुजरने वाली बिजली को काट देता है।